कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक- 09/05/2023

थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा लूट की घटना में वांछित अभियुक्त काजू सोनकर को नशीली दवाओं सहित गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज जोन काशी कमि0 वाराणसी के कुशल निर्देशन में थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा दिनांक 30/03/2023 को शाम 15:00 बजे नक्खीघाट क्रासिंग के पास एक यात्री से मोबाईल लूट की घटना (मु0अ0सं0 75/2023 धारा 392 भादवि थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी) के वांछित अभियुक्त काजू सोनकर पुत्र शंकर नि0 A 40/2 अमरपुर बटलोहिया थाना जैतपुरा (जो मकान बेच चुका है) वर्तमान पता तिनपुलिया रेलवे के जमीन में छप्पर डालकर सरैया थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र लगभग 23 वर्ष को दिनांक 08.05.2023 को समय 15.25 बजे नशीली दवा की गोलियों सहित गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-108/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

नोट:- मु0अ0सं0 75/2023 धारा 392 भादवि में दो अभियुक्त जावेद पुत्र सरोज दिनांक-31.03.2023 को गिरफ्तार किया गया था तथा मो. सिराज पुत्र निजामुद्दीन दिनांक-02.04.2023 को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से लूटी गयी मोबाईल को बरामद करते हुए जैतपुरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

सम्बन्धित अभियोग:- मु0अ0सं0 108/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट
मु0अ0सं0 75/2023 धारा 392 भादवि

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व उम्र- काजू सोनकर पुत्र शंकर नि0 A 40/2 अमरपुर बटलोहिया थाना जैतपुरा (जो मकान बेच चुका है) वर्तमान पता तिनपुलिया रेलवे के जमीन में छप्पर डालकर सरैया थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र लगभग 23 वर्ष

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास दिनांक 08.05.2023, समय करीब 15.25 बजे।

बरामदगी का विवरण- 1- सात सौ ग्यारह (711) नशीली गोली
2- एक अदद छोटी कैंची
3- 120 रूपया नकदी

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

श्री मथुरा राय प्रभारी निरीक्षक थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
उ0नि0 जय प्रकाश सिंह थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
हे0का0 सुभाष सिंह थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
का0 बृजेश राय थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी

कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
जोन-काशी, कमिश्नरेट वाराणसी।